PRESS CLIP

==

Publication:- Prabhat Khabar

Date: - 11th April 2020

Page :- 07

Article on The Bengal Chamber bridging the health care suppliers with health care providers during the COVID-19 pandemic.

कोरोना महामारी से निपटने के लिए बंगाल चेंबर की विशेष तैयारी

संवाददाता ▷ कोलकाता

पूरे देश में लॉकडाउन तीसरे सप्ताह की ओर बढ़ रहा है. ऐसी कठिन परिस्थिति में ज्यादातर उद्योगों, विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र को इससे काफी नुकसान पहुंच रहा है. इस बीच लॉकडाउन में हेल्थकेयर क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक वस्तुओं की मांग भी काफी तेजी से बढ़ी है क्योंकि अस्पतालों में संक्रमण के बढ़ते मामलों के साथ व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सहित स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक चीजों की कमी हो रही है. इस स्थिति को देखते हुए बंगाल चेंबर ने आपूर्ति और मांग की कमी को कम करने के लिए विभिन्न अस्पतालों के साथ स्वास्थ्य देखभाल के सामान निर्माताओं को जोड़ने की पहल शुरू की है. एमएसएमई क्षेत्र की पांच कंपनियां जो अस्पताल में आवश्यक और आपूर्ति के पंजीकृत निर्माता हैं, उनसे बंगाल चेंबर को संतोषजनक जवाब मिला है. इनमें



एडशन इंटरप्राइजेज, ईवा डिस्पोजेबल दस्ताने, उद्योगी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, इंटरनेशनल एक्सपोर्ट हाउस और ट्रेंट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन प्रमुख हैं. शहर के करीब आठ निजी अस्पतालों के अधिकारियों ने इस बारे में चेंबर से संपर्क किया है. इस बातचीत में स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने को लेकर अस्पताल के अधिकारियों ने उनसे जानकारी ली है, जिसमें एन-95 मास्क, डिस्पोजेबल मास्क, डिस्पोजेबल दस्ताने, सेनिटाइजर, कोविड -19 रैपिड टेस्ट किट, सर्जिकल फेस मास्क, डिस्पोजेबल चश्मे, जूता कवर, डिस्पोजेबल गाउन इत्यादि शामिल हैं. इसके अलावा एचएमएचडीपीई ड्रम, डायलिसिस वॉटर जार, पेट बोतल और अस्पतालों में भोजन परोसने के लिए प्लास्टिक खाद्य कंटेनर की सप्लाई से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं.

इस विषय में डॉ आलोक रॉय (मेंटर, हेल्थ कमेटी और पूर्व अध्यक्ष, द बंगाल चेंबर) ने कहा कि हम काफी मुश्किल और कठिन समय से गुजर रहे हैं. चेंबर भी कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए हर संभव मदद करने के तहत आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति की राह आसान करने में लगा हुआ है. चेंबर एमएसएमई क्षेत्र से लगातार संपर्क में है जो काफी पहले से हमारे साथ जुड़े हुए हैं. देशभर में इस तालाबंदी के कारण उन्हें भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. इस कठिन घड़ी में हेल्थकेयर उपकरण के निर्माताओं को हेल्थकेयर यूनिट्स और अस्पतालों से जोड़ने की कोशिश की है जिनकी इस कठिन घड़ी में सख्त जरूरत है.

शुभोदीप घोष (महानिदेशक, बंगाल चेंबर) ने बताया कि आज तक पांच एमएसएमई क्षेत्र के अधिकारियों ने ईमेल भेजकर हमसे संपर्क किया है. उन्होंने जानकारी दी थी कि हेल्थकेयर से जुड़े जिन मेडिकल सरंजाम का वे निर्माण करते हैं, वे धीरे-धीरे इसकी आपूर्ति कर सकते हैं. इनमें से तीन निर्माता कंपनी हैं, बाकी दो ट्रेडिंग और एक्सपोर्ट हाउस शामिल हैं.

इसके अलावा, ईजीरिक्स, वीबेल बीसीसी और आइटेक इनक्यूबेशन सेंटर के एक इनक्यूबेट ने अफोर्डेबल 3 डी फेस शील्ड और 100% ऑर्गेनिक अल्कोहल आधारित एंटी वायरल, एंटी फंगल और एंटी बैक्टीरियल सॉल्यूशन बनाया है. वर्तमान स्थिति में यह उत्पाद भी काफी उपयोगी है. हमें बताया गया है कि यह निम्न तरह के दवाओं की किफायती 3 डी फेस शील्ड बूंदें मास्क को ज्यादा देर तक असरदार और स्वास्थ्यवर्धक जीवाणु मुक्त रखने में मदद कर सकते हैं, साथ ही चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों, फार्मेसियों, पैथोलॉजी, सुपरमार्केट, पेट्रोल पंप, पुलिस स्टेशनों और कई और स्थानों के लिए भी यह काफी उपयोगी है. ओजोरेक्स एक ऑर्गेनिक स्टेरॉयड के साथ 25 ऑर्गेनिक अल्कोहल से बना एक तेल है जो शरीर के बाहरी महत्वपूर्ण हिस्सों में इस्तेमाल किया जाता है. उन्होंने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद से कोविड-19 में इसकी प्रभावकारिता की जांच करने के लिए प्रस्ताव भेजा है. बंगाल चेंबर चिकित्सा से संबंधित हितधारकों को जोड़ने के लिए एक कारगर एवं आवश्यक मंच बना रहा है.

106 d, block-f
new alipore
kolkata 700 053
india

W +91 33 2445 2766
info@greymatterpr.com
www.greymatterpr.com